छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित,

880, सिविल–लाईन्स, मुख्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष क्रमांक 0770–2425234, 2425235, 2445398 फैक्स क्र. 2424017, 4070605 ई–मेल,
cgmarkfedhq@gmail.com

क्रमांक / राईस मिलें / 3–बी / 5713 / 2017 रायपुर, दिनांक 22/11/17

तकनीकी सलाहकार नियुक्ति हेतु पुनः रूचि की अभिव्यक्ति (चतुर्थ) :–

कार्यकारिणी समिति की सभा दिनांक 16.03.2017 के प्रस्ताव क्रमांक 16 में दिए गए निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के बंद प्रक्रिया इकाई :– (1) राईस ब्रान साल्वेंट एक्सट्रैक्सन ऑयल मिल, धमधा नाका दुर्ग। (2) साबुन संयंत्र, धमधा नाका, दुर्ग (3) शीतगृह सूरजपुर एवं (4) छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों में स्थित बंद किसान राईस मिलों के प्लांट / बॉयलर एवं मिल मशीनरी के मूल्यांकन के लिए मूल्यांकनकर्ता की नियुक्ति हेतु विधिक / नियम एवं शर्तें निर्धारित करने हेतु सक्षम तकनीकी सलाहकार नियुक्ति किया जाना है। इसके लिए निम्नानुसार योग्यताधारी आवेदक फर्म / व्यक्ति से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

1. आवेदक फर्म / व्यक्ति को राईस मिलों / अन्य संयंत्र के मूल्यांकन कार्य का अनुभव हो, जिसका प्रमाण –पत्र एवं कार्य पूर्णता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
2. तकनीकी सलाहकार, मैकेनिकल इंजीनियर अथवा अन्य ब्रांच में इंजीनियरिंग अथवा राईस मिल / शीतगृह / साबुन संयंत्र / ब्रांच साल्वेंट संयंत्र के मूल्यांकन के लिए अधिकृत हो।
3. **चयन प्रक्रिया :–**

   तकनीकी सलाहकार फर्म / व्यक्ति के चयन के लिए निम्नांकित मापदण्ड निर्धारित होंगे :–

3.1 मैकेनिकल इंजीनियर डिग्रीधारी को तकनीकी योग्यता के लिए 10 अंक प्रदाय किया जावेगा।

3.2 अन्य ब्रांच में इंजीनियरिंग डिग्रीधारी फर्म / व्यक्ति को तकनीकी योग्यता के लिए 7 अंक प्रदाय किया जावेगा।

3.3 राईस मिल / शीतगृह / साबुन संयंत्र / ब्रांच साल्वेंट के मूल्यांकन के लिए अधिकृत फर्म / व्यक्ति को तकनीकी योग्यता के लिए 5 अंक प्रदाय किया जावेगा।

3.4 प्रदाय किए गए अंकों के आधार पर अधिक अंक प्राप्तधारी फर्म / व्यक्ति का चयन किया जावेगा। परन्तु कार्य अनुभव एवं कार्यपूर्णता प्रमाण –पत्रधारी को अग्रमान्यता दी जावेगी।

क्रमशः.........

विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्तें कार्यालयीन दिवस पर विपणन संघ के नोटिस बोर्ड अथवा विपणन संघ के वेबसाईट www.markfed.cg.nic.in पर भी देखे जा सकते है। आवेदन दिनांक 7/12/2017 को अपरान्ह 2:00 बजे तक स्वीकार्य किये जावेंगे एवं उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे के बाद राईस मिल कक्ष, कटेला भवन में गठित समिति द्वारा उपस्थित आवेदन कर्ताओं के समक्ष खोले जावेंगे। आवेदन के साथ अमानत राशि के रूप में राशि रू.3000.00 का बैंकर्स चैक/किसी अनुसूचित बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित रायपुर के नाम से देय हो, को आवेदन के साथ बंद लिफाफा में राईस मिल कक्ष, कटेला भवन में निर्धारित पेटी में डालना होगा। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंध संचालक विपणन संघ को होगा।

नोट – जो तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया जावेगा वह मूल्यांकन कार्य के लिए रूचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.) में भाग नहीं ले सकेंगे।

17/11/17
प्रबंध संचालक

e:\markfed fin\markfed letter and note sheet\new microsfot.doc